छात्र कल्याण योजनाओं पर व्यय

893. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :** क्या शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1976–77 के लिए मंत्रालय की छात्र कल्याण योजनाओं का ब्यौरा क्या है, उनकी क्रियान्विति पर कुल कितना व्यय हुआ और उसका किस प्रकार उपयोग किया गया; और

(ख) इन कल्याण योजनाओं का जिला स्तर पर किस प्रकार लाभ उपलब्ध कराने का सरकार का विचार है ?

शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री (डा० प्रताप चन्द्र चन्द्र): (क) योजना के ब्यौरे दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है ।

(ख) विश्वविद्यालयों तथा कालेजों की सहायता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से इस तथ्य पर ध्यान दिए बिना दी जाती है कि वे महानगरों, जिला मुख्यालयों अथवा मुफस्सिल क्षेत्रों में स्थित हैं ।

विवरण

छात्र कल्याण योजनाएं तथा प्रत्येक के अन्तर्गत 1976–77 के दौरान किया गया व्यय :–

योजना का नाम	1976–77 के दौरान दी गई राशि विश्वविद्यालय	कालेज
(क) छात्र सहायता निधि	4,74,008.48	26,54,304.00
(ख) गैर-आवासीय छात्र केन्द्र	55,349.00	62,000.00
(ग) वाटर कूलर्स	2,150.00	5,762.00
(घ) कालेजों में कल्याण कार्यक्रम	..	77,300.66
(ङ) स्वास्थ्य केन्द्र	7,50,723.50	73,632.48
(च) पुस्तक बैंक	..	75,91,572.83
(छ) रोजगार सूचना, आजीविका परामर्श तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन	25,290.49	..
(ज) छात्र अध्ययन गृह	1,09,000.00	..
(झ) अध्ययन केन्द्र	5,79,846.37	..
(ञ) विजीटिंग स्टूडेन्टशिप	5,999.50	..
(ट) कैन्टीन सुविधाओं की स्थापना/सुधार	1,50,000.00	..
(ठ) व्यायाम शालाओं का निर्माण	3,33,732.00	90,053.00
(ड) खेल के मैदानों का सुधार	23,788.00	81,988.00
(ढ) सामान्य छात्र सुविधाएं :—		
(i) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय	95,000.00	..
(ii) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय	70,588.00	..
(iii) जामिया मिलिया इस्लामिया	50,000.00	..
(iv) क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज	..	4,47,000.00